Regarding setting up of food processing industries in Rajgarh Parliamentary Constituency-laid

श्री रोडमल नागर (राजगढ़) : मेरा संसदीय क्षेत्र राजगढ़ अति पिछड़ा क्षेत्र था जिसे माननीय प्रधानमंत्री जी ने आकांक्षी से आशान्वित जिले में सम्मिलित कर मोहनपुरा, कुंडालिया तथा रेशई-पार्वती डैम के साथ ही पार्वती-कालीसिंध-चंबल सिंचाई लिंक परियोजना से क्षेत्र को शत प्रतिशत सिंचित करने की दिशा में कदम बढ़ाये है । राष्ट्रीय राजमार्गो एवं रामगंज मंडी भोपाल रेल लाइन की सौगात देकर राजगढ़ संसदीय क्षेत्र को विकासशील क्षेत्र की दौड़ में सम्मिलित किया है । मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि जिन फसलो का उत्पादन हमारे राजगढ़, खिलचीपुर, ब्यावरा, सुसनेर, सारंगपुर, नरसिंहगढ़,चांचौड़ा एवं राघौगढ़ आदि स्थानो पर हो रहा है उनकी प्रसंस्करण की इकाई भी क्षेत्र में स्थापित करने की आवश्यकता है जिससे क्षेत्र में औद्योगिक कॉरिडोर बनाने का मार्ग भी प्रशस्त हो सकेगा ।